EDUCATE ORGANISE AGITATE

STATE BANK OF INDIA SC/ST EMPLOYEES WELFARE ASSOCIATION, BHOPAL (Regd.)

(Affiliated to National Federation of State Bank of India SC/ST Employees)

Registered office: Plot 16, Anand Nagar (Junawani) Bhilai, Distt. Durg-490020 (C.G.) Mob-9425309170
Head Office Address: SBI LHO Building, Mezzanine Floor, Hoshangabad Road Bhopal (M.P.)- 462011.
Ph. & Fax No. 0755-2575736, E-mail: sbisewa.bhopal@gmail.com, Website: www.sbi-sewa.com

President
Hari Singh Dalodia
MOB- 8458804551
Email: hari.s.dalodia@sbi.co.in

General Secretary
Dinesh Khasariya
MOB- 9425309170
Email: dinesh.khasariya@sbi.co.in

पत्र क्रमांक : सेवा/निर्वाचन/2024-25/33
दिनांक : 06.08.2024

सुश्री/श्री
भारतीय स्टेट बैंक
शाखा/कार्यालय-
ज़िला- (म०प्र०) पिन कोड-
(सेवा सदस्यता क्रमांक-)
मोबाईल नंबर -

महोदया/महोदय,

आंचलिक कार्यकारिणी गठन की सूचना : दिनांक 08.09.2024 (रविवार) समय:प्रातः 09 बजे, स्थान: Hotel Bee Town, इंदौर (म.प्र.)

आपको सूचित किया जाता है कि केंद्रीय कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक दिनांक 20.03.2024 में लिये गये निर्णय अनुसार इंदौर अंचल की 15 सदस्यीय आंचलिक कार्यकारिणी का गठन आंचलिक सम्मेलन में उपस्थित इंदौर अंचल के पंजीकृत सदस्यों के द्वारा पारदर्शी एवं प्रजातांत्रिक प्रक्रिया से किया जाना है, जिस हेतु पत्र क्रमांक सेवा/ 2024-25/29 दिनांक 19.06.2024 के अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता को निर्वाचन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। **अत: दिनांक 08.09.2024 दिन रविवार प्रातः 09 बजे, Hotel Bee Town, Hukmakhedi, Rajendra Nagar, Near IPS College, A.B. Road, इंदौर (म.प्र.)** में आंचलिक सम्मेलन आयोजित किया गया है । कृपया आप अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यकारिणी गठन में सहयोग करें। अन्य जानकारी एवं कार्यक्रम निम्नानुसार है-

आंचलिक कार्यकारिणी 15 सदस्यीय होगी -

क्रमांक	पद	पद संख्या
1)	उपाध्यक्ष	एक
2)	उपमहासचिव	एक
3)	सहायक महासचिव	एक
4)	संगठन सचिव	एक
5)	कोषाध्यक्ष	एक
6)	क्षेत्रीय सचिव	आठ (प्रत्येक क्षेत्र से एक , क्षेत्र क्रमांक-1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 8/9)
7)	कार्यकारिणी सदस्य	दो
	(कुल संख्या) योग	पंद्रह (15)

-: कार्यक्रम समय सारिणी :-

क्रमांक	विवरण	समय
1)	उद्घाटन सत्र	प्रात: 9.00 बजे से 10.30 तक
2)	नामांकन फार्म प्राप्ति (Reception/Sewa website)	प्रात: 10.30 बजे से 11.00 तक
3)	नामांकन फार्म जमा	प्रात: 11.00 बजे से 11.30 तक
4)	नामांकन फार्म वापसी	प्रात: 11.30 बजे से 12.00 तक
5)	नामांकन फार्म की जाँच एवं मतदान घोषणा	दोपहर 12.00 बजे से 12.30 तक
6)	मतदान एवं मतगणना	दोपहर 12.30 बजे से 03.00 तक मतदान एवं तत्पश्चात मतगणना प्रारम्भ होगी
7)	निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा	मतगणना पूर्ण होने पर उसी दिन

नोट:-

1) किसी भी पद हेतु एक से अधिक नामांकन प्राप्त होने पर उपस्थित पंजीकृत सदस्यों के मतदान द्वारा निर्वाचन किया जायेगा।
2) दिनांक 31.07.2024 की स्थिति में पंजीकृत एवं आंचलिक सम्मेलन में प्रात: 11.00 बजे तक उपस्थित सदस्य को ही नामांकन का अधिकार होगा।
3) नामांकन, मतदान, मतगणना एवं निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा उसी दिन की जायेगी।
4) नामांकन फार्म भरने के लिये एक प्रस्तावक और एक समर्थक अनिवार्य है तथा एक प्रस्तावक/समर्थक एक ही प्रस्ताव/समर्थन कर सकते हैं।
5) आंचलिक सम्मेलन एवं निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने की ज़िम्मेवारी प्रत्येक सदस्य/प्रत्याशी/पदाधिकारी/निर्वाचन समिति की है। अतः निर्धारित समय-सारिणी का अनुपालन सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में समय-सारिणी में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। सभी सदस्य कृपया समय का विशेष ध्यान रखें।
6) सदस्यों की सूची, नामांकन फार्म, नामांकन वापसी फार्म सेवा की वेबसाईट <sbi-sewa.com> पर उपलब्ध है।
7) कृपया सभी सदस्य अपनी पहचान हेतु बैंक का परिचय-पत्र साथ लेकर आयें यदि पहचान-पत्र गुम हो गया है व नया नहीं बन पाया है तो शाखा/कार्यालय प्रबंधक द्वारा लैटर हैड पर दिया गया प्रमाण-पत्र स्वीकार होगा ।
8) उक्त किसी भी परिस्थिति में निर्वाचन समिति का निर्णय अंतिम होगा ।
9) नाश्ता एवं दोपहर भोजन की व्यवस्था की गई है ।

(नवीन कुमार)
अध्यक्ष- निर्वाचन समिति, सेवा, भोपाल